

**Dr. Manoj Jain**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक I st ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.
## MCQ QUESTIONS
## 6 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

**Helpline : 94601-22225, 81045-02225**

## 6 दिसंबर का इतिहास

- **1907 :** भारत के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित डकैती की पहली घटना चिंगरीपोटा रेलवे स्टेशन पर हुई।
- **1958 :** इटली में विश्व की सबसे लंबी और अत्यंत महत्वपूर्ण सुरंग बनाने का काम आरंभ हुआ।
- **1992 :** भारत के अयोध्या में स्थित बाबरी मस्जिद का विवादास्पद ढांचा गिरा दिया गया। इसके साथ ही भारत के अनेक हिस्सों में दंगे भड़क उठे।
- **1917 :** फिनलैंड ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की।

## 6 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- विश्व बैंक ने भारत के शीतलन क्षेत्र में जलवायु निवेश के अवसर पर रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक भारत की अधिकतम बिजली की मांग स्पेस कूलिंग से आने की उम्मीद हैं। 2040 तक भारत में स्पेस कूलिंग में बाजार की क्षमता और निवेश के अवसर लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर का होगा। 2037 तक कूलिंग की मांग मोजूदा स्तर से आठ गुना ज्यादा हो जाएगी। इससे हर 15 सेकंड में एक नए एयर कंडीशनर की मांग बढ़ेगी। यह अगले दो दशकों में वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 435 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है।
- बीआईएस मानकीकरण चेयर प्रोफेसर की स्थापना के लिए भारतीय मानक ब्यूरो ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू, मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान त्रिची के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पहल विज्ञान और विभिन्न विषयों के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान एवं विकास में उत्कृष्टता और नेतृत्व को बढ़ावा देगी। यह अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के माध्यम से मानक निर्माण गतिविधि को भी बढ़ावा देगा।
- बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए 12.68 करोड़ की परियोजनाएं चलाई जा रही है। योजना के तहत गरीब वर्ग के मुफ्त इलाज के लिए 10 मोबाइल हेल्थ क्लीनिक की शुरूआत की गई है। इससे मोबाइल हेल्थ क्लीनिक के संचालन और तीन वर्षो के लिए परिचालन व्यय की सुविधा प्रदान की जाएगी। इनमें से 3 मोबाइल हेल्थ क्लीनिक को महिलाओं के इलाज के लिए समर्पित किया गया है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके. सिंह ने बिहार में भोजपुर जिले के आरा के सदर अस्पताल में दस मोबाइल हेल्थ क्लीनिक की शुरूआत की है।
- निरोगी हरियाणा योजना के पहले चरण में 24,75,380 अंत्योदय परिवारों को निःशुल्क गहन स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना के तहत प्रथम चरण में सभी अंत्योदय परिवारों की व्यवस्थित जांच के लिए आयु समूहों के अनुसार छह श्रेणियों की पहचान की गई है।
- भारत ने दिसंबर के महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता ग्रहण की। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत 2021-2022 का कार्यकाल 31 दिसंबर 2022 को समाप्त होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज राष्ट्रपति की सीट पर बैठेंगी। भारत की अध्यक्षता के दौरान सुधारित बहुपक्षवाद और आतंकवाद विरोधी पर 14 और 15 दिसंबर को दो उच्च स्तरीय हस्ताक्षर कार्यक्रम होंगे। संयुक्त राष्ट्र में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का उद्घघाटन किया जाएगा, जिसका उद्घघाटन विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस करेंगे।
- ग्रुपएम मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के दक्षिण एशिया के सीईओ प्रशांत कुमार को एडवरटाइजिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया का ध्यक्ष चुना गया।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपनी पहली वार्षिक स्टेट ऑफ ग्लोबल वाटर रिसोर्सेज रिपोर्ट 2021 जारी की है। इस वार्षिक रिपोर्ट का उद्देश्य बढ़ती मांग और सीमित आपूर्ति के युग में वैश्विक ताजे जल के संसाधनों की निगरानी और प्रबंधन का समर्थन करना है।
- भारतीय मानक ब्यूरो ने अपने पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में भारतीय मानकों को लागू करने के लिए छह इंजीनियरिंग संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह पहल शिक्षाविदों की सक्रिय भागीदारी हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ बीआईएस के जुड़ाव को संस्थागत बनाने की दिशा में है।
- केंद्रीय कृषि ओर किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा बागवानी क्लस्टर विकास कार्यक्रम के लिये एक बैठक आयोजित की गई थी। बागवानी क्लस्टर विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन की मदद से देश में बागवानी के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह एक केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य पहचान किये गए बागवानी क्लस्टर को विकसित करना है ताकि उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी बनाया जा सके।
- मंथन प्लेटफॉर्म ने एनएसईआईटी का डी एंड बी व्यापार उत्कृष्टता पुरस्कार 2022 में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी पहल का पुरस्कार प्राप्त किया।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए) कब से लागू होगा ?**

(A) 8 दिसंबर (B) 15 दिसंबर
(C) 20 दिसंबर (D) 29 दिसंबर

**(D)** भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता 29 दिसंबर 2022 से लागू होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने ईसीटीए के संबंध में लिखित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया। समझौते के अनुच्छेद 14.7 के अनुसार भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच लिखित अधिसूचना के इस आदान-प्रदान के 30 दिन बाद समझौता लागू होगा। ईसीटीए के तहत भारत में 10 लाख नौकरियां पैदा होगी।



**2. हाल ही में 3 से 6 दिसंबर 2022 तक अंतर्राष्ट्रीय लुसोफोन महोत्सव कहां आयोजित किया जाएगा ?**

(A) मुंबई (B) जोधपुर
(C) जयपुर (D) गोवा

**(D)** गोवा में 3 से 6 दिसंबर 2022 तक अंतर्राष्ट्रीय लुसोफोन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय भारतीय संस्कृति संबंध परिषद और गोवा सरकार के साथ मिलकर महोत्सव का आयोजन कर रहा है। यह महोत्सव लुसोफोन की दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा।



**3. नागालैंड के 23वाँ हॉर्नबिल महोत्सव का आयोजन कब से कब तक किया जाएगा ?**

(A) 1 से 7 दिसंबर तक (B) 1 से 10 दिसंबर तक
(C) 2 से 11 दिसंबर तक (D) 3 से 12 दिसंबर तक

**(B)** 23वाँ हॉर्नबिल महोत्सव 1 से 10 दिसंबर तक नागालैंड के दक्षिणी अंगामी क्षेत्र के नागा हेरिटेज विलेज किसामा में किया जा रहा है। इस महोत्सव का आयोजन 2 वर्ष बाद किया जा रहा है। इस फेस्टिवल के दौरान यात्री और पर्यटक 18 विभिन्न नागा जनजातियों की समृद्ध परंपरा एवं संस्कृति का अनुभव कर सकेंगे।



**4. वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत नेपाल में स्थित किस मंदिर के लिए निशुल्क हवाई यात्रा जनवरी माह में शुरू की जाएगी ?**

(A) पशुपतिनाथ मंदिर (B) अंकोरवाट मंदिर
(C) तिरूपति बालाजी मंदिर (D) मुनेश्वर मंदिर

**(A)** राज्य सरकार के वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत 2000 श्रद्धालुओं के लिए नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन के लिए निःशुल्क हवाई यात्रा जनवरी माह में शुरू होगी। राजस्थान देवस्थान विभाग के मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत है।



**5. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने SIPCOT प्रौद्योगिक पार्क का उद्घघाटन किया?**

(A) तेलंगाना (B) उत्तराखंड
(C) बिहार (D) तमिलनाडु

**(D)** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने तमिलनाडु के पेरम्बलूर जिले के एरैयूर में एक औद्योगिक पार्क का उद्घघाटन किया है। उन्होंने फीनिक्स कोठारी फुटवियर पार्क की आधारशिला भी रखी। तमिलनाडु के राज्य उद्योग संवर्धन निगम के 243.39 एकड़ के पार्क का उद्घघाटन 2022-23 बजट सत्र में एक घोषणा के बाद किया गया कि कोयम्बटूर, पेरम्बलुर, मदुैर, वेल्लोर और तिरूवल्लूर जिलो में नए पार्क स्थापित किए जाएंगे।

**6. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कितने हवाई अड्डो के लिए डिजी यात्रा की शुरूआत की ?**

(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**(C)** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली, वाराणसी और बेंगलुरू के हवाई अड्डों के लिए डिजी यात्रा शुरू की। इसे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली में लॉन्च किया गया। पहले चरण में 7 हवाई अड्डो पर डिजी यात्रा शुरू की जाएगी। मार्च 2023 तक हैदराबाद, कोलकाता, पुणे ओर विजयवाडा के हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा भी शुरू की जाएगी।



**7. हाल ही में सिलहट/सिलचर महोत्सव 2022 का उद्घाटन कहां किया गया ?**

(A) बिहार (B) असम
(C) ओडिशा (D) केरल

**(B)** केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्री जी किशन रेड्डी ओर बांग्लादेश के विदेश मामलों के मंत्री डॉ एके अब्दुल मोमन ने इसका उद्घाटन किया। यह 5 दिनों तक चलने वाला उत्सव हैं जिसे संस्कृति मंत्रालय और इंडिया फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।




**8. दुनिया का पहला हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाला एयरक्राफ्ट इंजन किस कंपनी ने बनाया ?**

(A) रोल्स रॉयस (B) स्पीकेजेट
(C) एयरबस (D) टेल्को

**(A)** दुनिया का पहला हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाला एयरक्राफ्ट इंजन रोल्स रॉयस कंपनी ने बनाया है। रोल्स-रॉयस ने इस काम के लिए AF 2100-A टर्बोप्रोप इंजन का इस्तेमाल किया। जिसे उन्होंने हाइड्रोजन फ्यूज तकनीक के अनुसार बदला था। आमतौर पर यह इंजन नागरिक और मिलिट्री जेट्स में इस्तेमाल किया जाता है।



**9. हाल ही में भारत का मातृ मृत्यु अनुपात घटकर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर कितना हो गया है ?**

(A) 68 (B) 78
(C) 83 (D) 97

**(D)** हाल ही में भारत का मातृ मृत्यु अनुपात घटकर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 97 हो गया है। गुणवत्तापूर्ण मातृ और प्रसव देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य नीतियों व पहल ने एमएमआर को नीचे लाने में जबरदस्त तरीके से सहायता की है।




**10. हाल ही में चर्चित रहा ब्लूबगिंग किससे संबंधित है ?**

(A) मुद्रा का खनन (B) प्राकृतिक गैस अन्वेषण
(C) हैकिंग (D) कृत्रिम द्वीप का निर्माण

**(C)** तेजी से होते तकनीकी विकास से साइबर सुरक्षा के लिए भी लगातार खतरे बढ़ रहे हैं। साइबर सुरक्षा में हैकिंग जैसी घटनाएं अब आम हो चली हैं, जिसमें एक ब्लूबगिंग हैं। ब्लूबगिंग हैकिंग का एक रूप है जो हमलावरों को ब्लूटूथ कनेक्शन के माध्यम से डिवाइस तक पहुंचने देता है।

